
## चीनी निर्यात में कड़ी टक्कर

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई का दबाव ज्यादा रहने से भारतीय चीनी के मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। चीनी बाजार में भारत को ब्राजील और थाईलैंड से कई टक्कर मिल रही है। भारत में लगातार चौथे मार्केटिंग सीजन 2013-14 (अक्टूबर-नवंबर) के दौरान चीनी का उत्पादन घरेलू खपत से ज्यादा रहने की संभावना है।

# भारतीय चीनी को विश्व बाजार में कड़ी टक्कर

### एक हफ्ते में चीनी के दाम घटकर 455-460 डॉलर प्रति टन

रॉयटर्स ◆ सिंगापुर



**दबाव**

भारतीय निर्यातकों को विश्व बाजार में चीनी निर्यात के सौदे करने में काफी दिक्कतें आ रही हैं क्योंकि उन्हें ब्राजील और थाईलैंड की कड़ी स्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इन देशों की चीनी बाजार में सस्ती है

**अंतरराष्ट्रीय** बाजार में सप्लाई का दबाव ज्यादा रहने से भारतीय चीनी के मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। चीनी बाजार में भारत को ब्राजील और थाईलैंड से कई टक्कर मिल रही है।

भारत में लगातार चौथे मार्केटिंग सीजन 2013-14 (अक्टूबर-नवंबर) के दौरान चीनी का उत्पादन घरेलू खपत से ज्यादा रहने की संभावना है। इस वजह से उसका निर्यात बढ़ने की संभावना है। भारतीय निर्यातकों को विश्व बाजार में चीनी निर्यात के सौदे करने में दिक्कतें आ रही हैं क्योंकि उन्हें ब्राजील और थाईलैंड की कड़ी स्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय चीनी (व्हाइट शुगर) के दाम क्वालिटी के अनुसार 455-460 डॉलर प्रति टन रहे। जबकि पिछले सप्ताह इसके दाम 480 डॉलर प्रति टन थे।

सिंगापुर के एक डीलर ने कहा कि भारतीय मिलों को रॉ शुगर निर्यात करने में मदद मिल सकती है। लेकिन बाद में इसके भी मूल्य पर दबाव आ सकता है। हमें नहीं पता कि नए स्रोत यानि भारत की बड़ी मात्रा में चीनी के लिए पर्याप्त खरीदार मिल पाएंगे या नहीं। दुनिया के सबसे बड़े चीनी उपभोक्ता देश भारत में सरकार मिलों को 1.17 अरब डॉलर की ब्याज में राहत देने पर विचार कर रही है, जिससे वे किसानों को पिछले सीजन के खरीदे गन्ने का भुगतान कर सकें। सरकार मिलों को रॉ शुगर का निर्यात करने को प्रोत्साहित करने के लिए भी रियायत दे सकती है।

दूसरी ओर, थाईलैंड में गन्ने की पेराई शुरू हो चुकी है। वहां भारी बारिश होने के कारण पेराई शुरू होने में देरी हुई थी। थाईलैंड की चीनी लिफ्फे के भाव पर 20 डॉलर प्रति टन प्रीमियम पर बिक रही है।

भारतीय रॉ शुगर का भाव 440 डॉलर प्रति टन बोला जा रहा है। यह ब्राजील के भाव से ज्यादा है। ब्राजील की चीनी डिस्काउंट पर बेची जा रही है। न्यूयॉर्क में जनवरी डिलीवरी रॉ शुगर का भाव 349 डॉलर प्रति टन चल रहा है।

Business Bhaskar
11/12/13

✓N